# ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा–846004

## विद्वत परिषद् की बैठक दिनांक 09.12.2020 का कार्यवृत्त

समयः दोपहर 12:30 बजे स्थानः विश्वविद्यालय जुबली हॉल

उपस्थिति

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो० सुरेन्द्र प्रताप सिंह, कुलपति | – | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो० डॉली सिन्हा, प्रति कुलपति | – | सदस्य |
| 3. | प्रो० रतन कुमार चौधरी | – | सदस्य |
| 4. | प्रो० राम अवधेश कुमार | – | सदस्य |
| 5. | डॉ० शंभु नाथ ठाकुर | – | सदस्य |
| 6. | डॉ० दमन कुमार झा | – | सदस्य |
| 7. | डॉ० एस.के. शर्मा | – | सदस्य |
| 8. | डॉ० मुकेश कुमार | – | सदस्य |
| 9. | प्रो० डी०पी०गुप्ता | – | सदस्य |
| 10. | डॉ० दिव्या रानी हंसदा | – | सदस्य |
| 11. | डॉ० एस० सी० गुप्ता | – | सदस्य |
| 12. | डॉ० अवधेश कुमार सिंह | – | सदस्य |
| 13. | डॉ० एन०के० अग्रवाल | – | सदस्य |
| 14. | मो० नजरूल इसलाम | – | सदस्य |
| 15. | डॉ० ऋषि कुमार राय | – | सदस्य |
| 16. | प्रो० एन०एन० चौधरी | – | सदस्य |
| 17. | प्रो० प्रेम कुमार प्रसाद | – | सदस्य |
| 18. | डॉ० राजेन्द्र साह | – | सदस्य |
| 19. | डॉ० बिवेका नन्द झा | – | सदस्य |
| 20. | डॉ० बी०एस० झा | – | सदस्य |
| 21. | डॉ० आर० के० चौधरी | – | सदस्य |
| 22. | डॉ० हरे कृष्ण सिंह | – | सदस्य |
| 23. | डॉ० अयोध्या नाथ झा | – | सदस्य |
| 24. | डॉ० मो० रहमतुल्लाह | – | सदस्य |
| 25. | डॉ० मीना प्रसाद | – | सदस्य |
| 26. | डॉ० कन्हैया जी झा | – | सदस्य |
| 27. | प्रो० जीवा नन्द झा | – | सदस्य |
| 28. | डॉ० ए० के० बच्चन | – | सदस्य |
| 29. | डॉ० माधव चौधरी | – | सदस्य |
| 30. | प्रो० मो० आफताब असरफ | – | सदस्य |
| 31. | प्रो० पुष्पम नारायण | – | सदस्य |
| 32. | डॉ० ममता रानी ठाकुर | – | सदस्य |
| 33. | प्रो० एल०के०सिंह काब्या | – | सदस्य |
| 34. | डॉ० अनिल कुमार मंडल | – | सदस्य |
| 35. | डॉ० केदार नाथ झा | – | सदस्य |
| 36. | डॉ० अमर नाथ झा | – | सदस्य |
| 37. | डॉ० अशोक कुमार झा | – | सदस्य |
| 38. | डॉ० विजय कुमार यादव | – | सदस्य |
| 39. | डॉ० प्रीति झा | – | सदस्य |
| 40. | प्रो० संतोष कुमार | – | सदस्य |
| 41. | डॉ० दिलीप कुमार | – | सदस्य |
| 42. | डॉ० लक्षमण झा | – | सदस्य |
| 43. | डॉ० ए० डी० चौधरी | – | सदस्य |
| 44. | डॉ० मुश्ताक अहमद, कुलसचिव | – | सचिव |

बैठक के प्रारम्भ में कुलसचिव–सह–सचिव द्वारा उपस्थित सभी माननीय सदस्यों का स्वागत किया गया। कुलपति–सह–अध्यक्ष महोदय ने अपने सम्बोधन में सभी माननीय सदस्यों को बैठक में प्रस्तुत हुए सभी मदों एवं उसके उपयोगिता पर प्रकाश डाला।अध्यक्ष महोदय ने सूचित किया कि इस बर्ष के बजट में शोध एवं शोध को बढावा देने हेतु राशि का प्रावधान किया गया है। उन्होंने नई शिक्षा नीति (New Education Policy) की भी चर्चा की। कुलपति महोदय ने परीक्षा अवधि (Examination Duration) को कम करने तथा शैक्षणिक अवधि (Teaching Duration) को विस्तारित करने हेतु सभी माननीय सदस्यों से आग्रह किया कि वे एक समिति का गठन करें जो एक ही समय पर सभी परीक्षाओं का आयोजन 30 दिनों में कराये जाने का विकल्प खेजेगी। वर्तमान में ऐसा देखा जा रहा है कि पहले तृतीय खंड की परीक्षा होती है जिसमें 30 दिन लगता है, फिर द्वितीय खंड फिर प्रथम खंड। कुल 90 दिनों में तीनों खंड की परीक्षा आयोजित होती है। इतना ही नहीं, इसके अलावे और भी कोर्स चल रहे है, और उन सभी की परीक्षाऐं भी होती है, जिसमें काफी समय लग जाता है। अतः इस परीक्षा अवधि को कम करने की जरूरत है। **समिति गठन हेतु सदन ने माननीय कुलपति–सह–अध्यक्ष महोदय को सर्वसम्मति से अधिकृत किया।**

प्रति कुलपति महोदया ने अपने सम्बोधन में कहा कि अभी भी हमारे विश्वविद्यालय में बहुत काम करने की जरूरत है। आज का युग Technology driven है, हमें उन कोर्सेस की शुरूआत करने की जरूरत है जिससे हम आज के युग में एक मुकाम हासिल कर सकें। शोध के क्षेत्र में साहित्यिक चोरी की बात आम बात हो गयी है। इसलिए, 1 जनवरी, 2021 से विश्वविद्यालय Plagiarism software के सहायता से शोधार्थी के शोध को जॉच किया जायेगा तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्गत दिशा–निर्देशों के आलोक में University Plagiarism Policy and Regulation 2018 को सदन में लाया गया है। जिसे सभी सदस्य देख कर, सुझाव देते हुए अनुमोदित करना चाहेंगे। साथ ही नए साल से प्रत्येक विभाग एक राष्ट्रीय एवं एक अर्न्तराष्ट्रीय सेमिनार/कॉन्फेरेन्स/सिमपोजियम का आयोजन ऑनलाईन करेंगें।

तदुपरान्त बैठक की कोरम पूरा होने की जानकारी देते हुए अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की विधिवत् कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

**मद सं0 1** विद्वत् परिषद् की ऑनलाईन बैठक दिनांक 07.10.2020 एवं 21.10.2020 के कार्यवृत्तों की सम्पुष्टि पर विचार।

निर्णयः **सर्वसम्मति से विद्वत् परिषद् की ऑनलाईन बैठक दिनांक 07.10.2020 एवं 21.10.2020 के कार्यवृत्तों को सम्पुष्ट किया गया।**

**मद सं0 2.** N.C.T.E. से प्राप्त अनुमति के आलोक में वेदमती भवनाथ कॉलेज ऑफ एडुकेशन, चानपुरा, बसैठा, मधुबनी में दो वर्षीय बी0एड0 पाठ्यक्रम में पूर्व निर्धारित छात्रों की संख्या 100 से बढ़ाकर 200 करने के प्रसंग में विश्वविद्यालय द्वारा करवाये गये निरीक्षण प्रतिवेदन के आधार पर तथा सम्बन्धन एवं नई शिक्षण कार्यक्रम समिति की अनुशंसा दिनांक 13.12.2020 के आलोक में अधिनियम की धारा 10(12) के अन्तर्गत कुलपति द्वारा सत्र 2020–22 से 200 सीटों पर सी0ई0टी0 बी0एड0 2020 के आधार पर नामांकन लेने संबंधी आदेश एवं निर्गत अधिसूचना की सम्पुष्टि पर विचार।

निर्णय : **सर्वसम्मति से सम्पुष्ट किया गया।**

**मद सं0 3** सम्बन्धन एवं नई शिक्षण कार्यक्रम समिति की बैठक दिनांक 08.12.2020 के कार्यवृत्त के अनुमोदन पर विचार।

निर्णय : **सर्वसम्मति से सम्बन्धन एवं नई शिक्षण कार्यक्रम समिति की बैठक दिनांक 08.12.2020 के कार्यवृत्त को अनुमोदित किया गया।**

मद सं0 4. **अतिरिक्त मद, यदि कोई हो (अध्यक्ष की अनुमति से)।**

अतिरिक्त मद सं0 1: राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, पटना से दो वर्षीय बी0पी0एड0 पाठ्यक्रम ऑडिनेंस एवं रेगुलेशन की स्वीकृति प्रदान करने के सम्बन्ध में विचार।

निर्णय : **राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, पटना से दो वर्षीय बी0पी0एड0 पाठ्यक्रम के ऑडिनेंस एवं रेगुलेशन को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।**

अति0 मद सं0 02 ल0ना0मिथिला विश्वविद्यालय, कामेश्वरनगर, दरभंगा मुख्यालय परिसर में सत्र 2021–22 से विभिन्न संकायों के पारम्परिक विषयों से इतर विषयों में स्ववित्त पोषित योजना अन्तर्गत स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारंभ किये जाने हेतु Draft Ordinance and Regulation की स्वीकृति प्रदान करने के सम्बन्ध में विचार।

निर्णय : **विचारोपरान्त, माननीय सदस्यों के तरफ से सुझाव आया कि क्र0स0 4 में Faculty of Management को Faculty of Commerce तथा क्र0स0 8 में Faculty of Engineering को Faculty of Science को सही करते हुए सर्वसम्मति से Draft Ordinance & Regulation को स्वीकृति प्रदान किया जाता है।**

अति0 मद सं0 03 विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा निर्देश के अनुरूप University Plagiarism Policy and Regulation – 2018 के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में विचार।

निर्णय : **सर्वसम्मति से University Plagiarism Policy and Regulation 2018 को विद्वत् परिषद् द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही, 1 जनवरी, 2021 से इसे विश्वविद्यालय में लागू करने पर भी सहमति बनी।**

अन्यान्य मद सं0 01 **डॉ0 विमलेन्दु शेखर झा द्वारा सुझाव दिया गया कि Ph.D. Regulation के तहत Draft Thesis संबंधित विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष के पास निर्धारित तिथि से एक माह पहले आना चाहिए, जिससे कि उक्त शोध पत्र की जॉच सही से हो सके। एतद् संबंधी अधिसूचना निर्गत कर सभी संबंधित व्यक्तियों को भेजी जाय।**

अन्यान्य मद सं0 02 **पेपरलेस थ्योरी के तहत प्रति कुलपति का सुझाव आया कि सभी एजेंडों को प्रोजेक्टर पर दिखाया जाय।**

बैठक के अंत में कुलसचिव द्वारा सदस्यों को विपरीत मौसम में भी उपस्थित होने एवं महत्वपूर्ण सुझाव के साथ–साथ सक्रिय भागीदारी तथा सफल संचालन में सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक समाप्ति की घोषणा की गई। कोविड–19 के कारण विश्वविद्यालय के कई शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों का असामयिक निधन पर सभी स्वर्गवासी को दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

अनुमोदित।

ह0/–
डॉ0 मुश्ताक अहमद
कुलसचिव–सह–सचिव

ह0/–
प्रो0 सुरेन्द्र प्रताप सिंह
कुलपति–सह–अध्यक्ष

ज्ञापांक:– LB-610/20 दिनांक:–09/12/2020

प्रतिलिपि प्रेषित:–

1. **विद्वत परिषद के सभी माननीय सदस्य,** ल0 ना0 मि0 वि0 दरभंगा।
2. **विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारी,** ल0 ना0 मि0 वि0 दरभंगा।
3. **कुलपति के सचिव/प्रति कुलपति के निजी सहायक/कुलसचिव के निजी सहायक,** ल0ना0मि0वि0 दरभंगा को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यार्थ।

कुलसचिव